राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून दिनांक 17 सितम्बर, 2022

उत्तराखण्ड वार मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा राजपुर रोड स्थित एक होटल में ''भारत की रक्षा तैयारी'' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

राज्यपाल ने कहा कि नई तकनीकों और आधुनिकिकरण के बल पर भारत आत्मनिर्भर की राह पर चलते हुए विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, उनकी दृढ़ राजनैतिक इच्छाशक्ति और कठोर निर्णयों के कारण हमारी आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बदलते वैश्विक परिदृश्यों के अन्तर्गत रक्षा तैयारियों पर विशेष जोर दिए जाने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि देश आयात में निर्भरता खत्म करते हुए अब रक्षा क्षेत्र में निर्यातक देश बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से विश्व पटल पर भारत के लिए लोगों की सोच, विचार और धारणा बदल गई है। भारत को देखने का नजरिया बदल गया है और भारत विश्व में एक अलग पहचान बना रहा है। उनके कालखण्ड में देश, समाज और जनहित के कार्यों को गति मिली है।

उन्होंने कहा कि कोविड–19 के दौरान देश ने जो प्रतिबद्धता दिखाई वह पूरे विश्व में मिसाल बनी है। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री द्वारा पांच प्रण का आत्मसात करते हुए उस पर कार्य करने का संकल्प लेना होगा तभी हमारा देश विश्वगुरु की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर उनके दीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन कर दुनिया को राह दिखाने का कार्य करेगा।

सेमिनार में वाइस एडमिरल सूरज बेरी, वाइस एडमिरल (से नि) प्रदीप चौहान, ले.ज.(से नि) वी.के.शर्मा, मेजर जनरल जी.एस.रावत, एयर कोमोडोर नितिन साथे सहित अन्य विषय विशेषज्ञों ने भारत की रक्षा तैयारियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए अपने–अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड वार मेमोरियल ट्रस्ट के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद तरुण बंसल, अद्वैत काला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

........0........